भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 796
गुरुवार, 7 दिसंबर, 2023 / 16 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**विमानों का सुरक्षित प्रचालन**

**796. श्री जी.एम.सिद्देश्वर:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान असैनिक विमानों/हेलीकॉप्टरों से हुई दुर्घटनाओं और जान-माल की हुई हानि का एयरलाइन, अवस्थिति और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इन दुर्घटनाओं की जांच कराई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और निष्कर्ष क्या है तथा पीड़ितों के परिवारों को कितना मुआवजा दिया गया है और इस संबंध में क्या मानदंड अपनाए जा रहे हैं; और

(ग) ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने और देश में विमानों/हेलीकॉप्टरों के सुरक्षित प्रचालन के लिए सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) )**

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान, एयरलाइन, स्थान, क्षति की सीमा और दुर्घटना में हुई मृत्यु सहित सिविल विमानों/हेलीकॉप्टरों से जुड़ी दुर्घटनाओं का विवरण, अनुलग्नक-क पर उपलब्ध है।

(ख) सिविलियन पंजीकृत विमान और हेलीकॉप्टरों से संबंधित सभी दुर्घटनाओं के संबंध में जांच-पड़ताल का आदेश, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा वायुयान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियमावली, 2017 के अनुसार दिया जाता है। संपन्न की जा चुकी सभी जांच की अंतिम जाँच रिपोर्ट निष्कर्ष परिणामों सहित एएआईबी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाती है (https://aaib.gov.in)।

यात्री की मृत्यु अथवा हवाई दुर्घटना/घटना के कारण यात्री को पहुंची शारीरिक चोट की स्थिति में पीड़ितों या पीड़ितों के परिवारों को मुआवजे का भुगतान, विमान वहन अधिनियम, 1972 के प्रावधानों द्वारा अधिशासित होता है। संबंधित एयरलाइन, उक्त अधिनियम के प्रावधान के अनुसार मुआवजे का भुगतान कर अपने दायित्व का निर्वहन करती है।

(ग) डीजीसीए के पास ऐसी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक मजबूत तंत्र उपलब्ध है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डीजीसीए द्वारा नियमित आधार पर निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

(i) नियमों और नागर विमानन अपेक्षाओं के अनुपालन की निगरानी हेतु एक व्यवस्थित संरक्षा निरीक्षण प्रक्रिया मौजूद है, जिसमें निगरानी, स्पॉट जांच और विनियामक ऑडिट शामिल हैं। इसके अलावा,कथित जोखिम के अनुसार विशेष ऑडिट भी किए जाते हैं।

(ii) डीजीसीए अपनी वेबसाइट पर वार्षिक निगरानी योजना (एएसपी) प्रकाशित करता है। प्रत्येक निदेशालय, अपने संबंधित तकनीकी क्षेत्रों में एएसपी के अनुसार निगरानी/स्पॉट चेक्स आयोजित करता है।

(iii) संबद्ध प्रचालक द्वारा ऑडिट, निगरानी और स्पॉट जांच के निष्कर्षों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। उपयुक्त सत्यापन के पश्चात जांच बंद कर दी जाती है। इसके अलावा प्रचालक द्वारा की गई कार्रवाई का अनुपालनअगले ऑडिट/निगरानी के दौरान सत्यापित किया जाता है।

(iv) ऑडिट/निगरानी के दौरान पाए गए, नियमों के किसी भी उल्लंघन/गैर–अनुपालन के मामले में डीजीसीए द्वारा वित्तीय शास्ति सहित, प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है।

(v) भारत के दुर्घटना/घटना संबंधी डेटा का नियमित रूप से विश्लेषण किया जाता है। विश्लेषण के आधार पर, सुरक्षा परिपत्रों आदि में सूचना प्रसारित की जाती है।

(vi) दुर्घटनाएं रोकने के लिए,दुर्घटनाओं/घटनाओं की जांच रिपोर्ट में जारी की गई सिफ़ारिशें लागू की जाती हैं।

****

**अनुलग्नक क**

| **क्रमांक** | **घटना का प्रकार (दुर्घटना/गंभीर घटना)** | **घटना का विवरण (एयरलाइन, विमान का प्रकार, पंजीकरण, तिथि, स्थान, आदि)** | **मृत्यु** |
|---|---|---|---|
| | | **2020** | |
| 1 | दुर्घटना | चाइम्स एविएशन प्रा. लिमिटेड, सेसना 172, वीटी-सीएएफ, 03.01.2020, ढाना | (घातक-02) |
| 2 | दुर्घटना | झारखण्ड सरकार, सुपर ब्लैनिक ग्लाइडर, वीटी-जीएलई, 03.02.2020, दुमका | (घातक-01) |
| 3 | दुर्घटना | गर्वमेंट विमानन प्रशिक्षण संस्थान, सेसना 152, वीटी-ईएनएफ, 08.06.2020, भुवनेश्वर | (घातक-02) |
| 4 | दुर्घटना | मेसर्स इंडिगो, एयरबस ए320, वीटी-आईजेटी, 14.06.2020, कोचीन | |

| क्रमांक | घटना का प्रकार (दुर्घटना/गंभीर घटना) | घटना का विवरण (एयरलाइन, विमान का प्रकार, पंजीकरण, तिथि, स्थान, आदि) | मृत्यु |
|---|---|---|---|
| 5 | दुर्घटना | मेसर्स जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, सेस्ना साइटेशन एक्सएलएस, वीटी-जेएसएस, 28.06.2020, विजयनगर | |
| 6 | दुर्घटना | मेसर्स एयर इंडिया एक्सप्रेस, बोइंग बी737-800, वीटी-एएक्सएच, 07.08.2020, कोझिकोड | (घातक-21) |
| 7 | दुर्घटना | मेसर्स इग्रुआ, टीबी20, वीटी-आईजीई, 21.09.2020, आज़मगढ़ , यूपी | (घातक-01) |
| **2021** | | | |
| 1 | दुर्घटना | मेसर्स एयर इंडिया एक्सप्रेस, बी737-800, वीटी-जीएचई, 20.02.2021, विजयवाड़ा | |
| 2 | दुर्घटना | मेसर्स पिनेकल एयर प्राइवेट लिमिटेड, पी68 ऑब्जर्वर II, वीटी-टीएए, 27.03.2021, भोपाल | |
| 3 | दुर्घटना | मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्रा. लिमिटेड, C90, VT-JIL, 06.05.2021, मुंबई | |
| 4 | दुर्घटना | मध्य प्रदेश सरकार, बी200, वीटी-एमपीक्यू, 06.05.2021, ग्वालियर | |
| 5 | दुर्घटना | विस्तारा, बी737-800, वीटी-टीजीई, 07.06.2021, मुंबई-कोलकाता | |
| 6 | दुर्घटना | मेसर्स इंडिगो, एटीआर-72, वीटी-आईवाईएक्स, 14.06.2021, हुबली | |
| 7 | दुर्घटना | मेसर्स एसवीकेएम'एस एनएमआईएमएस एकेडमी ऑफ एविएशन टेक्नैम पी2008जेसी, वीटी-बीआरपी, शिरपुर , 16.07.2021 | (घातक - 01) |
| 8 | दुर्घटना | मेसर्स इंडिगो, एटीआर 72, वीटी-आईवाईएम, तिरुचिरापल्ली से बेंगलुरु के लिए उड़ान संचालित करते हुए, 04.09.2021 | |
| 9 | दुर्घटना | मैसर्स रेड बर्ड फ़्लाइट ट्रेनिंग अकादमी, टेकनाम पी2008जे, वीटी-आरबीई, बारामती , 20.09.2021। | |
| **2022** | | | |
| 1 | दुर्घटना | मैसर्स पायनियर फ्लाइंग एकेडमी, सेसना 172, वीटी-एएमयू, अलीगढ़, 21.01.2022 | |
| 2 | दुर्घटना | मेसर्स फ्लाईटेक एविएशन अकादमी, सेसना 152, वीटी-एफएओ, नलगोंडा, 26.02.2022 | (घातक - 01) |
| 3 | दुर्घटना | मेसर्स फाल्कनएविएशन एकेडमी, सेसना 152, वीटी-पीटीसी, सुल्तानपुर , 16.03.2022 | |
| 4 | दुर्घटना | मैसर्स अग्नि एयरो स्पोर्ट्स एडवेंचर एकेडमी (पी) एलटी, सेसना 185, वीटी-ईटीयू, जक्कुर एयरोड्रोम, बेंगलुरु, 17.04.2022 | |
| 5 | दुर्घटना | मेसर्स स्पाइसजेट लिमिटेड, बी737-800, वीटी-एसएलएच, मुंबई-दुर्गापुर, 01.05.2022 | (घातक - 01) |

| क्रमांक | घटना का प्रकार (दुर्घटना/गंभीर घटना) | घटना का विवरण (एयरलाइन, विमान का प्रकार, पंजीकरण, तिथि, स्थान, आदि) | मृत्यु |
|---|---|---|---|
| 6 | दुर्घटना | मैसर्स एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्रा. लिमिटेड., टेक्नम पी2006टी, वीटी-वीडीबी, भिवानी , 12.05.2022 | |
| 7 | दुर्घटना | छत्तीसगढ़ सरकार , लियानार्डो (अगस्ता) ए109, वीटी-सीएचजी, रायपुर, 12.05.2022 | (घातक - 02) |
| 8 | दुर्घटना | मैसर्स जीएटीआई, सेसना -152, वीटी-ईयूडब्ल्यू, बिरसल एयरफील्ड, 06.06.2022 | |
| 9 | दुर्घटना | इग्रुआ, डायमंड डीए40, वीटी-एफजीसी, फुर्सतगंज , 13.06.2022 | |
| 10 | दुर्घटना | मेसर्स पवन हंस लिमिटेड, सिरकोस्की एस76डी, वीटी-पीडब्ल्यूआई, सागरकिरण रिग के पास (बॉम्बे हाई), 28.06.2022 | (घातक - 04) |
| 11 | दुर्घटना | मेसर्स एकेडमी ऑफ कार्वर एविएशन प्रा. लिमिटेड, सेसना 152, वीटी-एएलआई, 25.07.2022, बारामती के पास | |
| 12 | दुर्घटना | मेसर्स आर्यन एविएशन प्रा. लिमिटेड, बेल 407, वीटी-आरपीएन, 18.10.2022, केदारनाथ के पास | (घातक - 07) |
| | | **2023** | |
| 1 | दुर्घटना | मेसर्स फाल्कन एविएशन एकेडमी, वीटी-पीटीई, 05.01.2023, रीवा | (घातक - 01) |
| 2 | दुर्घटना | मैसर्स राजीव गांधी एविएशन, वीटी-आरजीटी, 08.02.2023, तिरुवनंतपुरम | |
| 3 | दुर्घटना | मैसर्स इग्रुआ, वीटी-एफजीएल, 18.03.2023, गोंदिया के पास | (घातक - 02) |
| 4 | दुर्घटना | झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट, पिपिस्ट्रेल साइनस 912 मोटर ग्लाइडर वीटी-जीडीआई, 23.03.2023, धनबाद | |
| 5 | दुर्घटना | मेसर्स केस्ट्राल एविएशन प्रा. लिमिटेड, अगस्ता AW119 MK-II हेलीकॉप्टर VT-RNK, 23.04.2023, केदारनाथ | (घातक - 01) |
| 6 | दुर्घटना | मेसर्स फ़्लैप्स एविएशन प्रा. लिमिटेड, काइंड एयर सी90 विमान, वीटी-आरएसएल, 02.05.2023, बरेली | |
| 7 | दुर्घटना | मैसर्स एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड, सेसना 172 विमान, वीटी-एफएसएफ, 17.06.2023, भिवानी | |
| 8 | दुर्घटना | मेसर्स हेरिटेज एविएशन प्रा. लिमिटेड, एच130 हेलीकॉप्टर, वीटी-एचएफएक्स, 18.08.2023, चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डा | |
| 9 | दुर्घटना | मेसर्स वीएसआर वेंचर्स प्रा. लिमिटेड, लियरजेट 45 विमान, वीटी-डीबीएल, 14.09.2023, मुंबई हवाई अड्डा | |
| 10 | दुर्घटना | मेसर्स रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग प्रा. लिमिटेड, टेक्नैम पी2008जेसी विमान, वीटी-आरबीसी, 19.10.2023, बारामती | |